आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 190 | उज्जैन, सोमवार 02 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# खंडवा ने बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान

## जल संचय करने वाले जिलों में देश में खंडवा बना नंबर वन

भोपाल। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे जल संचय, जनभागीदारी अभियान में खंडवा जिले ने कीर्तिमान रचकर देशभर में मध्यप्रदेश का मान बढ़ाया है। खंडवा जिले ने जल संचय करने वाले जिलों में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहां राज्यों की श्रेणी में देश में मध्यप्रदेश चौथे नंबर है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्रदेश और जिलों की रैंकिंग जारी की है।

ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जल संरक्षण अभियान में मध्यप्रदेश सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बारिश के पानी का संचयन करने तथा पुराने जल



स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।प्रदेश में बारिश के पानी को रोकने खेत तालाब, कूप रिचार्ज पिट, अमृत सरोवर सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं।


### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संचय, जनभागीदारी÷ अभियान में खंडवा जिले को देश में प्रथम स्थान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।उन्होंने खंडवा के नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों और शासकीय अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. यादव ने कहा है कि पूरा विश्वास है कि इस अभियान में पूरे प्रदेश के सभी जिलों में बेहतर से बेहतर कार्य होगा।

### बारिश के पानी को बचाने खंडवा जिले में किए गए यह कार्य अभूतपूर्व हैं

जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मनरेगा आयुक्त श्री अविप्रसाद ने बताया कि खंडवा जिले में अभियान अंतर्गत मनरेगा, 15वां वित्त, 5वां वित्त, सीएसआर एवं जनसहयोग से 1 लाख 29 हजार 46 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं पंजीकरण किया गया है। इसमें 12750 कूप रिचार्ज पिट, 1500 रिचार्ज सॉफ्ट, 23570 डगवेल, 5780 बोल्डर चेकडेम, 1256 बोल्डर वॉल, 3960 बोरीबंधान, 7455 पत्थर/मिट्टी के फील्डबण्ड, 5500 गलीप्लग (गेबीयन/लूज बोल्डर), 3269 नाला ट्रेंच, 6528 हैंडपंप रिचार्ज, 39000 रूफवाटर हार्वेस्टिंग, 58 चेकडैम/स्टॉपडैम/तालाब, 4800 पोखर तालाब, 2275 ड्रेनवर्क।

## सड़कों पर होने वाली मौतों का आंकड़ा कम नहीं हो रहा, बनाना होगा नेशनल रोड ट्रैफिक इंजरी सर्विलांस सिस्टम




नई दिल्ली (एजेंसी)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय इस पर चिंता लगातार जताता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे और उनमें होने वाली जनहानि का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। बेशक, यातायात नियमों के प्रति चालकों की लापरवाही एक बड़ा कारण है, लेकिन साथ ही समस्या यह भी है कि सरकार भी निगरानी और सुधार के लिए जरूरी तंत्र को अब तक बेहतर नहीं बना सकी है।

भारत में अभी तक नेशनल रोड ट्रैफिक इंजरी सर्विलांस सिस्टम ही नहीं- आईआईटी दिल्ली के ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च एंड इंजरी प्रिवेंशन सेंटर की रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जताई गई है कि भारत में अभी तक नेशनल रोड ट्रैफिक इंजरी सर्विलांस सिस्टम ही नहीं है।

विडंबना है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पोर्टल से भी राज्यों के आंकड़े मेल नहीं खाते। इंडिया स्टेटस रिपोर्ट आन रोड सेफ्टी-2024 रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा है कि प्रभावी सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाने के सभी पहलुओं से संबंधित विश्वसनीय दुर्घटना डाटा सिस्टम अनिवार्य है।

हादसों में मृत्यु या चोट का आंकड़ा क्या है पता नहीं - दुर्घटना के जोखिमों का आकलन करने, व्यवधानों की पहचान करने और सबसे प्रभावी दृष्टिकोण रखते हुए संसाधनों को आवंटित करने के लिए रणनीति विकसित करना आवश्यक है।

## चट्टान की तरह आपके साथ खड़े हैं, पूर्वोत्तर में बारिश और बाढ़ से तबाही; अमित शाह ने चार राज्यों के CM से की बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वोत्तर के राज्यों में इस वक्त बारिश कहर बनकर टूटी है। मिजोरम, असम, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से लेकर सिक्किम तक बाढ़ और लैंड स्लाइड से हालात बदतर होते जा रहे हैं। लोगों को अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

हालात के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात की है। शाह ने स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

शाह ने दिया मदद का भरोसा- अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, असम, सिक्किम और अरुणाचल से मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्य में हो रही भारी बारिश के संबंध में बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

शाह ने आगे लिखा, मोदी सरकार नॉर्थ ईस्ट के लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। बता दें कि इस वक्त पूर्वोत्तर के कई हिस्से बाढ़ की स्थिति का सामना कर रहे हैं।

## कौन हैं एअर मार्शल मनीष खन्ना? जिन्होंने संभाली दक्षिणी वायु सेना कमान, 4 हजार घंटे उड़ान का अनुभव



नई दिल्ली (एजेंसी)। कई अलग-अलग युद्धक और ट्रेनर विमानों पर चार हजार घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव रखने वाले एअर मार्शल मनीष खन्ना ने रविवार को दक्षिणी वायु कमान का कार्यभार संभाला है। सरकार ने एक बयान में कहा कि उन्हें छह दिसंबर, 1986 को भारतीय वायु सेना के फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था।

बयान में कहा गया, एअर मार्शल मनीष खन्ना, अति विशिष्ट सेवा मेडल (एवीएसएम), वायु सेना मेडल (वीएम) से सम्मानित, एक जून 2025 को तिरुवनंतपुरम में एअर अफसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में दक्षिणी वायु कमान (एसएसी) का कार्यभार संभाला।

चार हजार घंटे से अधिक उड़ान अनुभव- यह वायु अधिकारी एक श्रेणी ए योग्य फ्लाइट ट्रेनर हैं और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवाओं स्टाफ कॉलेज, कॉलेज आफ एअर वॉरफेयर और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। बयान में कहा गया, इस वायु अधिकारी के पास कई फाइटर और ट्रेनर विमानों पर चार हजार घंटे से अधिक उड़ान अनुभव है।

उन्होंने चार दशकों के अपने शानदार करियर में फाइटर स्क्वाड्रन, एअर क्रू परीक्षा बोर्ड, एक प्रमुख उड़ान बेस, एडवांस मुख्यालय, पश्चिमी वायु कमान और कॉलेज आफ एअर वारफेयर (सीएडब्ल्यू) में कमांडेंट के रूप में कार्य किया है। एअर मार्शल वर्तमान नियुक्ति संभालने से पहले दक्षिण पश्चिम कमान में सीनियर एअर स्टाफ अफसर (एसएएसओ) थे।

## छोटे नोटों के प्रचलन को बढ़ावा दे रही मोदी सरकार, निर्मला सीतारमण बोलीं- डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना उद्देश्य



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य छोटे नोटों को प्रचलन में लाना और डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि कम मूल्य की मुद्रा का उपयोग अधिक से अधिक किया जाए। दो हजार रुपये के नोट लगभग पूरी तरह से प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, और अब केवल 0.02 प्रतिशत नोट ही बैंकिंग प्रणाली से बाहर हैं।

निर्मला सीतारमण ने कही ये बात- निर्मला सीतारमण डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन (एसपीएमआरएफ) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्मृति सम्मेलन में कार्य संपत्ति और कल्याण जन-प्रथम अर्थव्यवस्था की ओर विषय पर बोल रही थीं। सम्मेलन का आयोजन एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यानों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था।

निर्मला ने कहा कि मोदी सरकार की हर नीति में एकात्म मानववाद की झलक देखने को मिलती है। निर्मला ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पूंजीवाद और साम्यवाद के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया, और इसी आधार पर यह सरकार चल रही है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद मोदी सरकार ने रक्षा उत्पादों के भारतीयकरण पर जोर दिया है, जिसका उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखने को मिला।

## देश में कोरोना के मामले 3000 पार, महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा मरीज



नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में एक बार फिर कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। पिछले सात दिनों में कोविड के करीब 2000 मामले सामने आए हैं और अब ये संख्या बढ़कर 3000 पार कर गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शनिवार को कोरोना के मामलों की संख्या 3,000 के पार हो गई और बढ़कर 3,395 हो गई, जिसमें केरल में सबसे ज्यादा 1,336 मामले हैं, उसके बाद महाराष्ट्र और दिल्ली का नंबर आता है। यह संभवतः दो साल से ज्यादा समय में पहली बार है जब भारत में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 3,000 के पार पहुंची है।

# दीदी अगर हिम्मत है तो..., कोलकाता पहुंच अमित शाह ने ममता बनर्जी को दिया क्या चैलेंज

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि अगर दीदी (ममता बनर्जी) में हिम्मत है, तो वे बिना हिंसा के चुनाव लड़कर दिखाएं, उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी ने वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। हमारे लोग पहलगाम में मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत, हमने 100 किमी (पाकिस्तान के अंदर) जाकर उनके मुख्यालय को नष्ट कर दिया। सैकड़ों आतंकवादी मारे गए और इससे दीदी का पेट दुखता है। उन्होंने एक राजनीतिक भाषण दिया और ऑपरेशन सिंदूर का विरोध किया। उन्होंने देश की करोड़ों महिलाओं की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़



किया है। पश्चिम बंगाल की बहनों और माताओं को आगामी चुनावों में ममता बनर्जी को सिंदूर का मूल्य सिखाना चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है। घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है और हिंदुओं का पलायन रोकना है। उन्होंने कहा, वर्षों तक बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन था। उसके बाद ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। दीदी, मेरी बात सुनिए, अब आपका समय खत्म हो गया है। भाजपा 2026 में सरकार बनाएगी।

नौकरियों को लेकर भी शाह ने ममता को घेरा- गृह मंत्री शाह ने कहा कि कलकत्ता के बाजार में युवाओं की नौकरियां बिकती हैं। इनके घरों से का इतना पैसा पकड़ा जाता है कि गिनते-गिनते मशीनें थक जाती हैं। अब इस सिलसिले को बंद करना ही होगा। उन्होंने कहा, बंगाल का चुनाव सिर्फ बंगाल के भविष्य को ही नहीं तय करता है, बल्कि यह देश की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगाल की सीमाओं को बांग्लादेशियों के लिए खुला छोड़ दिया है। उनके आशीर्वाद से बंगाल में घुसपैठ हो रही है। ये घुसपैठ सिर्फ भाजपा की सरकार रोक सकती है।

# हमास चीफ को मार गिराने के बाद क्या बोला IDF? घोष्ट के नाम से क्यों कुख्यात था मोहम्मद सिनवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल ने हमास चीफ मोहम्मद सिनवार का खात्मा कर दिया है। साल 2023 में इजरायल पर हुए हमले का वो मास्टरमाइंड था। रविवार को इजरायल डिफेंस फोर्स ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की। हालांकि, बुधवार को ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बात की जानकारी दे दी थी।

कमांड सेंटर में छिपा था मोहम्मद सिनवार- IDF ने 14 मई को खान यूनिस में मौजूद यूरोपीय हॉस्पिटल के नीचे मौजूद एक भूमिगत कमांड सेंटर को निशाना बनाया था। इसी कमांड सेंटर में मोहम्मद सिनवार के छिपे होने की आशंका जताई गई थी। इसी हमले में मोहम्मद सिनवार घायल हो गया था। हालांकि, उस समय इजरायली सेना ने सिनवार की मौत की पुष्टि नहीं की थी।

घोष्ट के नाम से था कुख्यात- मोहम्मद सिनवार शायद ही कभी सार्वजनिक रूप से दिखाई दिया या मीडिया से बात की। कट्टरपंथी के रूप में उसकी छवि ने समूह के सैन्य रैंक में आगे बढ़ने में उसकी मदद की और 2005 तक वह हमास के खान यूनिस ब्रिगेड का नेतृत्व करने लगा था। यह हमास की सशस्त्र शाखा की सबसे बड़ी और सबसे शक्तिशाली इकाइयों में से एक है।

हमास के अधिकारियों ने मोहम्मद सिनवार को %घोस्ट% करार दिया है, जो इजरायली खुफिया एजेंसियों को बार-बार चकमा देने में कामयाब रहे। सिनवार ने कई हत्या के प्रयासों को नाकाम किया, जिसमें हवाई हमले और रास्ते में लगाए गए विस्फोटक शामिल थे।

एक बार जब सिनवार कब्रिस्तान गया, तो उनके रास्ते में एक ईंट जैसे रिमोट-नियंत्रित विस्फोटक की खोज की गई।

# क्या कट्टर जमात संभालेगी बांग्लादेश की सत्ता? पड़ोसी मुल्क के सुप्रीम कोर्ट ने दिया अजीबोगरीब फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन फिर से ताकतवर होते जा रहे हैं। इसी बीच बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक ऐसा फैसला सुनाया, जिसकी काफी चर्चा हो रही है। कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल कर दिया। वहीं, पार्टी को चुनावों में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई।

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान इसकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के चलते बैन लगाया गया था। मगर अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पार्टी पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश सैयद रिफात अहमद की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय खंड ने यह निर्देश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पारंपरिक चुनाव चिन्ह तराजू के तहत चुनाव लड़ने की अनुमति देना चुनाव आयोग के विवेक पर निर्भर करेगा।

आतंकी अजहरुल इस्लाम को किया गया रिहा - हाल ही में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी के आतंकी को रिहा कर दिया है। इस आतंकी का नाम अजहरुल इस्लाम है। इस मौलाना, 1971 में किए रेप, हत्या और अपहरण जैसे युद्ध अपराध की सजा काट रहा था।

उसे अवामी लीग सरकार में साल 2012 में गिरफ्तार किया गया था। उसने पाकिस्तान सेना के साथ मिलकर 1,256 लोगों की हत्या, 17 लोगों का अपहरण और करीब 13 महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया था। इस घटना से मोहम्मद युनुस सरकार की काफी आलोचना हो रही है।

## आतंकियों को बचाने के लिए PAK ने परमाणु शक्ति का किया इस्तेमाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला भारतीय डेलीगेशन अल्जीरिया के दौरे पर है। इस दौरान पांडा ने पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा है और पाकिस्तान की रणनीति को उजागर किया है।

भाजपा सांसद ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि पड़ोसी देश अपनी परमाणु शक्ति का इस्तेमाल अपनी आतंकवादी गतिविधियों को छिपाने के लिए कर रहा है। अल्जीरिया मीडिया, थिंक टैंक के सदस्यों और प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए बैजयंत पांडा ने कहा, पाकिस्तान ने अपनी परमाणु शक्ति का इस्तेमाल अपने आतंकवादी प्रशिक्षण, आतंकवादियों का वित्तपोषण और हथियार कार्यक्रम को छिपाने के लिए किया है। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिसका आज अल्जीरिया भी सदस्य है उसने अनेक आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें से 52 आतंकवादी संगठन और आतंकवादी आज पाकिस्तान में खुलेआम सक्रिय हैं। इसके अलावा, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा, 1980 से वे अपने बजट का 20-25 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करते रहे हैं।

## Elon Musk पर ड्रग्स लेने का आरोप, अमेरिकी मीडिया के दावों पर टेस्ला चीफ ने क्या कहा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। टेस्ला के मालिक और DOGE के पूर्व चीफ एलन मस्क पर अक्सर आरोप लगते हैं कि वो ड्रग्स का सेवन करते हैं।

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के जरिए उन पर आरोप लगाया गया है कि जब वो डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख थे, तो उस दौरान उन्होंने केटामाइन, एक्स्टसी और साइकेडेलिक मशरूम जैसी दवाओं का नियमित सेवन करते थे। हालांकि, एलन मस्क ने इस आरोपों को निराधार बताया है।

मस्क ने क्या कहा- शनिवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर मस्क ने कहा, मैं स्पष्ट कर दूं कि मैं ड्रग्स नहीं ले रहा हूं! न्यूयॉर्क टाइम्स झूठ बोल रहा है। उन्होंने आगे कहा, मैंने कुछ साल पहले प्रिस्क्रिप्शन केटामाइन का इस्तेमाल किया था और एक्स पर भी यही कहा था, इसलिए यह कोई नई बात नहीं है। यह अंधेरे मानसिक गड्ढों से बाहर निकलने में मदद करता है, लेकिन तब से मैंने इसे नहीं लिया है।

## पाकिस्तान ने खुद ही किया सिंधु जल समझौते का उल्लंघन, भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर खोली PAK की पोल



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिंधु जल समझौता स्थगित किए जाने के बाद पाकिस्तान बौखला उठा है। शहबाज शरीफ के एक मंत्री ने तो गीदड़ भभकी दी है कि अगर समझौते को फिर से बहाल नहीं किया जाता है तो पाकिस्तान सीजफायर का उल्लंघन करेगा।

वहीं, भारत ने दो टूक कहा है कि जब तक पाकिस्तान क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म को अंजाम देते रहेगा तब तक समझौता स्थगित रहेगा।

इसी कड़ी में ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शुक्रवार को आयोजित ग्लेशियर्स पर संयुक्त राष्ट्र के पहले सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद के जरिए इस संधि का उल्लंघन कर रहा है।

पाकिस्तान ने खुद ही समझौते का किया उल्लंघन - उन्होंने कहा कि यह अटल सत्य है कि सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से परिस्थितियों में बेबुनियाद बदलाव आए हैं, जिससे संधि की शर्तें पर पुनर्विचार की जरूरत है।

कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि इस संधि की भूमिका में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना में संपन्न किया गया था, और इसे ईमानदारी से लागू करना अनिवार्य है। पाकिस्तान खुद की इस संधि का उल्लंघन कर रहा है और इसके लिए वो भारत पर दोष गढ़ रहा है।

जल संधि के स्थगित होने पर क्या बोल रहा पाकिस्तान- पाकिस्तान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि उनका देश भारत को रेड लाइन पार करने नहीं देगा और सिंधु जल संधि स्थगित होने की वजह से करोड़ों लोगों की जिंदगी खतरे में पड़ चुका है।

## NASA को कौन करेगा लीड? मस्क के करीबी इसाकमैन का नामांकन वापस; ट्रंप ने लिया बड़ा एक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ दिनों पहले एलन मस्क डोनाल्ड ट्रंप की सरकार से अलग हो गए थे और अब वो सिर्फ अपनी कंपनी में ध्यान देंगे। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया था, जिसके तहत टेक अरबपति जैरेड इसाकमैन अब नासा प्रमुख पद के लिए विचाराधीन नहीं हैं।


व्हाइट हाउस ने की घोषणा- शनिवार को व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही नासा के नेतृत्व के लिए एक नए उम्मीदवार का एलान करेंगे। हालांकि, जैरेड का नामांकन वापस लेने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है, लेकिन सीनेट के इसाकमैन के नामांकन पर मतदान से ठीक पहले यह कदम उठाया गया है।

व्हाइट की प्रवक्ता लिज ह्यूस्टन ने कहा, नासा का अगला नेता ऐसा होना चाहिए जो राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी फर्स्ट नीति के साथ पूरी तरह मेल खाता हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप जल्द ही नए उम्मीदवार की घोषणा करेंगे।

कब किया गया था नामांकित- बता दें, दिसंबर 2024 में इसाकमैन को नासा के प्रमुख के लिए नामांकित किया गया था। निजी क्षेत्र से आने वाले इसाकमैन की नियुक्ति को अंतरिक्ष समुदाय में आश्चर्य के साथ देखा गया था।

इसाकमैन का नामांकन वापस लेने के मामले को लेकर ट्रंप ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ÷पिछली जांचों के बाद मैंने जैरेड इसाकमैन के नामांकन को वापस ले लिया है। मैं जल्द ही एक ऐसे उम्मीदवार का चयन करूंगा जो मिशन से जुड़ा हो और अमेरिका को स्पेस में प्राथमिकता दे।

## ब्रिटेन के लिए सबसे बड़ा खतरा है रूस, चीन को लेकर भी रहना होगा सतर्क; रक्षा समीक्षा रिपोर्ट में हुए कई अहम खुलासे



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया भर में अलग-अलग देशों के बीच संघर्ष चल रहे हैं। इस बीच ब्रिटेन ने अपनी रक्षा समीक्षा में बड़ी चेतावनी जारी की है और आने वाले 10 सालों की रक्षा योजना की समीक्षा में रूस को बड़ा खतरा बताया है।

ब्रिटेन ने चीन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी है और चीन को जटिल चुनौती करार दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिटेन की कीर स्टार्मर की सरकार सोमवार को समीक्षा रिपोर्ट जारी कर सकती है।

ब्रिटेन की समीक्षा रिपोर्ट- ब्रिटेन ने अपने सैन्य उपकरणों और सेवाओं के लिए 10 वर्षों की योजना को लेकर समीक्षा रिपोर्ट तैयार की है। पूर्व नाटो महासचिव जॉर्ज रॉबर्टसन की अध्यक्षता वाली टीम ने इस रिपोर्ट को तैयार किया है। 13 पन्नों की इस रिपोर्ट में चीन को जटिल चुनौती बताया गया है। चीन को जटिल इसलिए बताया गया है क्योंकि चीन कई बार रूस और ईरान, उत्तर कोरिया के साथ सहयोग करने को तैयार रहा है। इस रिपोर्ट में रूस को बड़ा खतरा भी बताया गया है।

ब्रिटिश सेना के आकार पर सवाल- संभावना जताई जा रही है कि इस रिपोर्ट में ब्रिटिश सेना के आकार पर भी सवाल उठाए जा सकते हैं। शनिवार को यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक काजा कालास ने भी कहा था कि यूरोप चीन और रूस को दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती के रूप में देखता है।

# किसी की डांट खुदकुशी की वजह नहीं हो सकती, SC ने हॉस्टल इंचार्ज को किया बरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी एक शख्स को सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि किसी की डांट खुदकुशी की वजह नहीं हो सकती है। यह शख्स एक स्कूल और हॉस्टल का इंचार्ज था। उसने एक छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था। इसके बाद उस छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि कोई आम इंसान यह कल्पना भी नहीं कर सकता कि डांट की वजह से कोई इतना बड़ा कदम उठा लेगा। कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को रद कर दिया है जिसमें हॉस्टल इंचार्ज को आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के इल्जाम से बरी करने से इनकार किया गया था।

Motive को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमने इस मामले को पूरी तरह देखा और पाया कि यह हस्तक्षेप का सही मामला है। जैसा कि याचिकाकर्ता ने कहा, कोई सामान्य व्यक्ति यह नहीं सोच सकता कि एक छात्र की शिकायत पर की गई डांट इस तरह की त्रासदी का कारण बनेगी।

कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसी डांट का मकसद सिर्फ शिकायत पर ध्यान देना और हालात को सुधारना था। कोर्ट ने आगे कहा, हमारी राय में, इस मामले में यह साफ है कि याचिकाकर्ता पर कोई गलत इरादा साबित नहीं होता, न ही यह कहा जा सकता है कि उसने छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाया।

## आतंकी लखवी जेल में रहते हुए बन गया बाप - औवैसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के खिलाफ भारत अपना रुख दुनिया के सामने जाहिर कर रहा है। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों की यात्रा कर आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान की पोल खोल रहे हैं। इसी कड़ी में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा।

जेल में बंद जकीउर रहमान लखवी बना पिता- ओवैसी ने पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को बेनकाब करते हुए कहा कि पाकिस्तान की जेल में बंद रहते हुए कुख्यात आतंकवादी पिता बन गया। ओवैसी उस सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं, जो फिलहाल अल्जीरिया में हैं। उन्होंने शनिवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, जकीउर रहमान लखवी नाम का एक आतंकवादी है। दुनिया को कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामने कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की इजाजत नहीं देगा, लेकिन वो जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का पिता बन गया। ओवैसी ने इस दौरान पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट में वापस डालने पर भी जोर दिया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई का एक्शन, 45 लाख रुपये की रिश्वत लेते IRS अधिकारी गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने करदाता सेवा महानिदेशालय में तैनात अपर महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। सिंघल 2007 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने सिंघल से जुड़े ठिकानों पर दिल्ली, मुंबई और पंजाब में छापा मारा। सीबीआई के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अमित कुमार सिंघल ने आयकर से जुड़ी जांच को खत्म करने के लिए एक आयकरदाता से 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी पहली किश्त के रूप में 25 लाख रुपये दिये जाने था।

पहली किश्त में दिए जाने थे 25 लाख- इसकी जानकारी मिलने के बाद सीबीआई ने सिंघल को रंगे हाथों गिरफ्तार करने का प्लान तैयार किया। सिंघल का घर मोहाली में है, जहां 25 लाख रुपये दिये जाने थे। उनके घर पर सिंघल की जगह हर्ष कोटक नाम के व्यक्ति ने 25 लाख रुपये लिए।

सीबीआई ने हर्ष सिंघल को भी पैसे समेत गिरफ्तार कर लिया और इसके साथ ही सिंघल को भी दिल्ली के वसत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई के अनुसार सिंघल ने आयकर मामले में न सिर्फ अनुकूल निर्णय देने के लिए रिश्वत की मांग की थी।

## नॉर्थ-ईस्ट में बाढ़ और भूस्खलन ने मचाया कोहराम, सिक्किम में फंसे 1500 से अधिक पर्यटक; मणिपुर में 883 घर तबाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में अचानक आई बाढ़ ने राज्य में कहर बरपाया है और पिछले 48 घंटों में राज्य भर में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से 3802 लोग प्रभावित हुए हैं। इस दौरान 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य की राजधानी इंफाल के कई इलाके और इंफाल पूर्वी जिले के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं। भारी बारिश की वजह से उफनती नदियों ने खुरई, हिगांग और चेकोन के इलाकों में तटबंध तोड़ दिए हैं।

कितने लोगों को अब तक बचाया गया- मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने इंफाल के कई जलमग्न इलाकों का दौरा किया, जबकि सेना और असम राइफल्स के जवानों ने सबसे ज्यादा प्रभावित जिले इंफाल ईस्ट में जलमग्न इलाकों से करीब 8000 लोगों को बचाया है।

राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राज्यपाल ने मुख्य सचिव पीके सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इंफाल में कांगला नोंगपोक थोंग, लैरिक्येंगबाम लेइकाई और सिंगजामेई ब्रिज का दौरा किया और समग्र स्थिति का आकलन किया।

जानवरों की भी हुई मौत- एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार तक कुल 3275 इलाके या गांव भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। दो लोग घायल भी हुए हैं और 64 जानवरों की मौत भी हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कुल 12 भूस्खलन हुए हैं।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चेकोन क्षेत्र में इंफाल नदी के उफान पर आने के बाद ऑल इंडिया रेडियो इंफाल परिसर और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान सहित कई कार्यालयों और प्रतिष्ठानों के परिसर में जलभराव की खबर है।

सिक्किम में फंसे पर्यटक- इसके साथ ही, उत्तरी सिक्किम में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन के कारण प्रमुख सड़कें अवरुद्ध होने से शनिवार को करीब 1500 पर्यटक फंस गए। इस बीच, शनिवार को हुई भारी बारिश के कारण 8 लापता पर्यटकों की तलाशी अभियान में बाधा उत्पन्न हुई।

## कर्नल कुरैशी या विंग कमांडर व्योमिका को चुनाव प्रचार का चेहरा बनाने की खबरें झूठी, BJP नेता अमित मालवीय बोले- ये फेक न्यूज



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई की जानकारी देश से साझा करने वालीं कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका को लेकर दावा किया गया था कि भाजपा के प्रचार अभियान का चेहरा होंगी। इस दावे को भाजपा ने नकार दिया है।

वहीं, सोशल मीडिया पर अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट की कटिंग भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। रिपोर्ट में लिखा है, ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की प्रेस वार्ता का नेतृत्व करने वाली सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह, 9 जून को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा शुरू किए जाने वाले महत्वाकांक्षी महिला-केंद्रित अभियान का चेहरा होंगी।

वहीं, रिपोर्ट में आगे लिखा है, भाजपा ने अपनी अल्पसंख्यक शाखा से अपने कार्यकर्ताओं को चौपाल आयोजित करने के लिए कहा है, जिसमें कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर सिंह को महिलाओं, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों के लिए रोल मॉडल के रूप में उजागर किया जाएगा।

अमित मालवीय ने क्या कहा- इस रिपोर्ट को भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने फेक न्यूज करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अखबार की कटिंग पोस्ट करते हुए लिखा, यह फेक न्यूज है। भाजपा की कर्नल सोफिया कुरैशी या विंग कमांडर व्योमिका सिंह को चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल करने की कोई योजना नहीं है।

उन्होंने आगे लिखा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी द्वारा की गई टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने कर्नल कुरैशी को समुदाय के भीतर एक सशक्त मुस्लिम महिला के उदाहरण के रूप में उजागर करने के बारे में बस एक सीमित बात कही।

कौन हैं कर्नल सोफिया कुरैशी- सोफिया कुरैशी मूल रूप से गुजरात के वडोदरा से हैं। साल 1981 में जन्मीं सोफिया ने जैव रसायन में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की है।

## पहलगाम हमले के बाद से एक्शन में असम सरकार, देश विरोधी बयान देने वाले 81 लोग गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षाबल काफी ज्यादा सक्रिया हैं और ऑपरेशन सिंदूर के बाद से लगातार ऐसे की तलाश जारी है, जो देश विरोधी कामों में लगे हुए हैं।

असम से दो लोग गिरफ्तार- पिछले दिनों देश के अलग-अलग जगहों से कई जासूसों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान को खुफिया जानकारी पहुंचा रहे थे। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से असम से राष्ट्र-विरोधी कार्यों में जुटे दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

असम में इस तरह के मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 81 हो गई है। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि सोनितपुर और कामरूप जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

सरमा का एक्स पर पोस्ट - उन्होंने लिखा, पाकिस्तान के साथ सहानुभूति रखने के कारण 81 राष्ट्र-विरोधी अब सलाखों के पीछे हैं। हमारी प्रणालियां लगातार सोशल मीडिया पर राष्ट्र-विरोधी पोस्टों पर नजर रख रही है और कार्रवाई कर रही है।

इससे पहले, विपक्षी AIUDF विधायक अमीनुल इस्लाम को पहलगाम आतंकवादी हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित रूप से बचाव करने के आरोप में देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

सरमा की चेतावनी- हालांकि, इस मामले में अमीनुल को जमानत मिल गई थी, लेकिन उन्हें फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। 2 मई को असम के मुख्यमंत्री ने जम्मू-कश्मीर आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही थी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी


## संपादकीय

# लोकतंत्र के चारों स्तंभों के अलग-अलग कार्यक्षेत्र अधिकार व कर्तव्य हैं...



वैश्विक स्तरपर अक्सर हम लोकतंत्र के चार स्तंभों, विधायिका,कार्यपालिका न्यायपालिका व मीडिया के बारे में व उनके अधिकारों कर्तव्य जवाबदेही व कार्यक्षेत्रों के बारे में अक्सर सुनते पढ़ते रहते हैं स्वाभाविक रूप से चारों स्तंभों के अलग-अलग कार्यक्षेत्र अधिकार व कर्तव्य हैं, परंतु इनकी आपस में तुलना नहीं की जातीज़ा सकती,किसीको भी कम-अधिक नहीं आंका जा सकता, परंतु प्रैक्टिकली जब हम देखते हैं तो एक स्वाभाविक रूप से मन में प्रश्न खड़ा होता है कि, विशेष रूप से तीन स्तंभों विधायिका कार्यपालिका, न्यायपालिका में सबसे शक्तिशाली कौन है?यह विचार मेरे मन में भी आया कि वास्तव में तीनों स्तंभों में शक्तिशाली कौन है, किस स्तंभ का सर्वोच्च पद तीनों स्तंभों में शक्तिशाली है? तो अति गहन अध्ययनकर मैंने अपने विचार रखे कि कोई भी पदशक्तिशाली नहीं होता परंतु उस पद पर बैठने वाले की क्षमता, योग्यता और नैतिक साहससे ही उस पद की शक्ति जाहिर होती है,ऐसा विचार किसी और ने भी रखा था जिससे मैं पूर्ण रूपसे सहमत हूं,हालांकि मेरे 45 वर्षों के लेखन कार्यकाल के अनुभव में तीनों स्तंभों के सर्वोच्च पद पर अनेकों व्यक्ति बैठे, परंतु अभी तक उनके निर्णयों डिसीजन्स का हम विश्लेषण कर अंदाज लगा सकते हैं कि पद महत्वपूर्ण है,या उनपर बैठने वाले व्यक्ति की क्षमता, योग्यता और नैतिक साहस, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज इस विषय पर हम इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि जिस तरह भारतीय पीएम के पिछले कार्यकाल के डिसीजन्स मेकिंग विशेष रूप से 370,तीन तलाक, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर जीएसटी सहित अनेकों निर्णय व अमेरिका के वर्तमान राष्टपति जिन्होंने पदभार ग्रहण करते ही अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ केस,नागरिकता केस, पनामा नहर,यूक्रेन रूस युद्ध समाप्ति पहल, हमास इजरायल युद्ध समाप्ति पहल सीरिया पर लगे प्रतिबन्ध हटाना व अभी टैरिफ पर फेडरल कोर्ट द्वारा लगाई गई रोग को, अपीलीय कोर्ट द्वारा खारिज कर टैरिफ को बहाल करने जैसे अनेकों मुद्दे हैं, जो इन दोनों व्यक्तित्वों की योग्यता क्षमता नैतिक साहस को दर्शाता है। भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई ने शनिवार (31 मई, 2025) को इलाहाबाद में नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर भवन और मल्टी लेवल पार्किंग का उद्घाटन कार्यक्रम में कहा भारतीय संविधान लागू होने की 75 साल की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ने सामाजिक और आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है।चूँकि हालाँकि, व्यावहारिक रूप से विश्व में शासन के तीनों अंगों यथा विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के अधिकारों व शक्तियों में संतुलन स्थापित है,परंतु आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व में कार्यपालिका और न्यायपालिका में सबसे अधिक शक्तिशाली कौन पद बढ़ा या पद पर बैठने वाले की क्षमता निर्णय क्षमता योग्यता व नैतिक साहस बढ़ा?

साथियों बात अगर हम कार्यपालिका व न्यायपालिका की करें तो,भारत में कार्यपालिका अधिक शक्तिशाली है। कार्यपालिका नियम और कानून बनाती है और न्यायपालिका उन कानूनों के पालन कराने में सहयोग करती है। न्यायपालिका अपने स्तरपर कानून नहीं बना सकती। कार्यपालिका न्यायपालिका के आदेशों की पालना करना आवश्यक नहीं समझती, क्योंकि वह संबंधित कानून को बदलने का अधिकार रखती है।शाहबानो के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को सरकार ने नहीं माना। कांग्रेस सरकार ने संविधान संशोधन लाकर कानून ही बदल दिया।


# प्राण कृष्ण पारिजा



प्राण कृष्ण पारिजा भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से वनस्पति विज्ञान का अध्ययन करने के कारण ये इस विषय में वहां से पुरस्कार पाने वाले भारत के प्रथम भारतीय छात्र बने। विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए इन्हें राष्ट्रपति ने पद्मभूषण की उपाधि से सम्मानित किया। प्राण कृष्ण पारिजा विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष भी थे।

### परिचय

प्राण कृष्ण पारिजा का जन्म 1 अप्रैल, 1819 को उड़ीसा के कटक ज़िले में एक निर्धन ग्रामीण परिवार में हुआ था। आर्थिक कठिनाई के कारण बड़ी उम्र होने पर ही ये स्कूल जा सके थे। फिर भी ये अपने अध्यवसाय से स्नातक की शिक्षा के लिए कॉलेज तक पहुंच गए। उसी समय उड़ीसा पृथक् प्रदेश बना था। वहाँ की सरकार की छात्रवृत्ति पर प्राण कृष्ण पारिजा को इंग्लैंड की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ने का अवसर मिला और इन्होंने वहाँ वनस्पति विज्ञान का अध्ययन किया और इस विषय में वहां से पुरस्कार पाने वाले प्रथम भारतीय छात्र बने। विश्वयुद्ध के कारण इन्हें अधिक समय तक ब्रिटेन में रुकना पड़ा था।



### भारत में कार्य

प्राण कृष्ण पारिजा भारत आने पर कटक कॉलेज के प्रोफेसर और प्रिंसिपल बने। ये प्रदेश के कृषि निदेशक भी रहे। इसके बाद 1943 से 1948 तक ये उत्कल विश्वविद्यालय के उपकुलपति बने। 1949 में प्राण कृष्ण पारिजा ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के उपकुलपति का भार संभाला। 1951 से 1966 तक ये पुनः उत्कल विश्वविद्यालय के कुलपति बने। वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में इनके योगदान के लिए इन्हें राष्ट्रपति ने पद्मभूषण की उपाधि देकर सम्मानित किया। प्राण कृष्ण पारिजा विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष भी थे। प्राण कृष्ण पारिजा ने सक्रिय राजनीति में भाग नहीं लिया। ये मानते थे कि देश में अनुशासन लाने के लिए अल्पकालिक डिक्टेटरशिप और फिर केंद्र में सुदृढ़ सरकार होनी चाहिए।

### मृत्यु

प्राण कृष्ण पारिजा की मृत्यु 2 जून, 1978) को हो गई।

# लगातार तीसरे महीने सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर



नई दिल्ली (एजेंसी)। जून की पहली तारीख को आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का ऐलान किया है, और अब 19 किलोग्राम वाले इस सिलेंडर का भाव 24 रुपये कम हो गया है। हालांकि, तेल कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर जून में 1723.50 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि मई में इसी की कीमत 1747.50 रुपये थी। इससे पहले अप्रैल में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत घटाकर 1,762 कर दी गई थी। फरवरी में भी कीमतों में 7 की कटौती की गई थी। लेकिन मार्च 2025 में कीमतों में फिर से 6 की बढ़ोतरी की गई।

कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के सस्ता होने से रेस्तरां, होटल और अन्य छोटे व्यवसायियों के लिए राहत भरी खबर है, जो अपने व्यवसाय के संचालन के लिए एलपीजी पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हालांकि, भारत में एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत खपत घरेलू खाना बनाने में होती है, जबकि शेष 10 प्रतिशत का उपयोग इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और ऑटोमोटिव सेक्टर में होता है।

खास बात है कि यह लगातार तीसरा महीना है जब कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई है। मई की शुरुआत में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 14.50 रुपये कम किए थे। इससे पहले 1 अप्रैल को कीमतों में 41 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की हुई थी।

बता दें कि एलपीजी सिलेंडरों की कीमतें स्थानीय टैक्स और परिवहन शुल्कों के कारण विभिन्न राज्यों में अलग-अलग हैं। देश की सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड हर महीने की पहली तारीख को एयर टरबाइन फ्यूल और रसोई गैस की कीमतों में बदलाव करती हैं।

## सरकार ने घटाया खाद्य तेलों पर आयात शुल्क, कीमतों पर जल्द दिखने लगेगा असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों में आई महंगाई से राहत देने के लिए एक अहम कदम उठाया है। केंद्र ने क्रूड खाद्य तेलों पर आयात शुल्क को घटाकर आधा कर दिया है। इससे पाम ऑयल, सोयाबीन ऑयल और सनफ्लावर ऑयल जैसे खाने के तेलों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है।

सरकार ने क्रूड पाम ऑयल, सोयाबीन ऑयल और सनफ्लावर ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को 20% से घटाकर 10% कर दिया है। इसके अलावा, कृषि अवसंरचना सेस और सोशल वेलफेयर सरचार्ज को मिलाकर कुल प्रभावी आयात शुल्क अब 16.5% हो गया है, जो पहले 27.5% था।

सरकार ने क्यों किया यह फैसला- देश में बीते कुछ महीनों में खाद्य तेलों की कीमतों में तेज उछाल दर्ज की गई है। महंगाई के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य तेलों की महंगाई साल-दर-साल 17.4% बढ़ी है। मई में सरसों के तेल की कीमतें 25% बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं, जबकि पाम ऑयल 34त्न महंगा हो गया है। सनफ्लावर ऑयल 30त्न और सोयाबीन ऑयल 18त्न महंगा हुआ है।

खाद्य तेलों में महंगाई की वजह क्या है- खाद्य तेलों की महंगाई के पीछे अलग-अलग वैश्विक कारक हैं। जैसे कि रूस और यूक्रेन में जारी संघर्ष के चलते सनफ्लावर ऑयल की सप्लाई लगातार प्रभावित रही है।

# आप भी करा सकते हैं मौसम से होने वाले नुकसान का बीमा



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्लाइमेट चेंज अब हमारी वास्तविकता बन चुका है। तेज गरमी से लेकर बेमौसम बारिश, कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ अब सामान्य बात हो गई है। तेजी से बदलते मौसम का नुकसान हमें आज जीवन में उठाना पड़ रहा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आप मौसम से होने वाले नुकसान का भी बीमा करा सकते हैं? आज हम आपको ऐसे ही बीमा के बारे में बताने जा रहे हैं।

क्या है क्लाइमेटसेफ इंश्योरेंस- क्लाइमेटसेफ इंश्योरेंस एक पैरामीट्रिक इंश्योरेंस है, जो पूर्वनिर्धारित मौसमी ट्रिगर्स (जैसे अत्यधिक गर्मी, ठंड या भारी बारिश) के आधार पर क्लेम प्रदान करता है। यह बीमा उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो क्लाइमेट रिस्क के लिए खासतौर से संवेदनशील हैं। इसमें डिलीवरी पार्टनर्स, ड्राइवर, डोमेस्टिक हेल्प, कंस्ट्रक्शन वर्कर, रिटेल दुकान मालिक और आम नागरिक आते हैं। कई देशों में यह बीमा पहले से उपलब्ध है। भारत में इसे बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने शुरू किया है।

कैसे काम करता है यह इंश्योरेंस- क्लाइमेटसेफ इंश्योरेंस में ऐतिहासिक और वर्तमान मौसम डेटा का उपयोग करके पूर्वनिर्धारित थ्रेशोल्ड की गणना की जाती है। यदि मौसमी स्थितियां इन सीमाओं को पार कर जाती हैं, तो पॉलिसीधारक को ऑटोमैटिक उनका क्लेम मिल जाता है। इसके लिए क्लेम करने की जरूरत नहीं होती।

यह बीमा किन जोखिमों को कवर करता है- भारत में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एग्री बिजनेस के प्रमुख आशीष अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल क्लाइमेटसेफ इंश्योरेंस ज्यादा बारिश, उच्च तापमान और निम्न तापमान से होने वाले नुकसान को कवर करता है। यह उन स्थितियों में वित्तीय सहायता प्रदान करता है जहां मौसमी घटनाएं दैनिक आय या जीवनशैली को प्रभावित करती हैं।

## सिर्फ सोने की शुद्धता मत देखिये, गहने खरीदने से पहले इन 4 बातों पर भी दें ध्यान, ज्वैलर यहां लगा सकते हैं चूना



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोना खरीदना बेहद सूझबूझ से किया जाने वाला काम है, क्योंकि इसकी कीमत इतनी है कि शुद्धता से लेकर तौल में जरा-सी गड़बड़ी बड़ा नुकसान करा सकती है। आमतौर पर लोग सोने की शुद्धता पर ज्यादा ध्यान देते हैं, लेकिन इसके अलावा भी कुछ ऐसी चीजें जिन्हें सोना खरीदते समय ध्यान में रखना चाहिए। हम आपको उन गोल्ड टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें गोल्ड बाइंग के समय ध्यान में रखना बेहद जरूरी है वरना ज्वैलर्स आपसे अन्य तरीकों से ज्यादा पैसे वसूल कर सकता है।

मेकिंग चार्ज- हर गोल्ड ज्वैलरी के साथ मेकिंग चार्ज जुड़ा होता है, जो असल में गहनों को बनाने में लगने वाला श्रम शुल्क है। अक्सर, कई ज्वैलर्स मेकिंग चार्ज ज्यादा वसूल लेते हैं, जबकि इसे लेकर कुछ नियम तय होते हैं, इसलिए गोल्ड ज्वैलरी खरीदने से पहले ज्वैलर्स द्वारा लगाए जाने वाले मेकिंग चार्ज पर जरूर गौर करें।

सही वजन- सोने के आभूषण वज़न के हिसाब से बेचे जाते हैं, इसलिए वेट में थोड़ी-सी हेराफेरी ग्राहकों को भारी पड़ जाती है। अक्सर हीरे और अन्य कीमती पत्थर को सोने के आभूषणों में जोड़ा जाता है, जिससे वे भारी हो जाते हैं। हालांकि, ज्वैलर्स हीरों से अलग आभूषण का वजन करते हैं, और उसी के हिसाब से भुगतान किया जाता है।

# मिस-सेलिंग रोकने के लिए आरबीआई जारी करेगा गाइडलाइन, जानिए उपभोक्ता सुरक्षा के लिए और क्या कदम उठाएगा




नई दिल्ली (एजेंसी)। बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की तरफ से फाइनेंशियल प्रोडक्ट की मिस-सेलिंग रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक जल्दी ही दिशानिर्देश जारी करेगा। इसमें बैंकों और एनबीएफसी के अपने प्रोडक्ट के साथ थर्ड पार्टी के प्रोडक्ट भी शामिल होंगे।

केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के 'एजेंडा फॉर 2025-26' में यह जानकारी दी है। बैंकों और एनबीएफसी की तरफ से उपभोक्ताओं को उचित जानकारी दिए बिना लोन, बीमा या निवेश उत्पादों को बढ़ावा देने के चलन को देखते हुए आरबीआई यह कदम उठाने जा रहा है।

उपभोक्ता शिक्षा एवं सुरक्षा के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में RBI को उपभोक्ताओं की 2.96 लाख शिकायतें मिली थीं। इससे पिछले वर्ष 2.93 लाख शिकायतें आई थीं। ज्यादातर शिकायतें बैंकों के खिलाफ हैं। उसके बाद NBFC और क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनियों का स्थान है। सबसे ज्यादा शिकायतें लोन और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को लेकर है। रिजर्व बैंक ने 2025-26 के एजेंडा में बताया है कि वह इंटीग्रेटेड ओंबड्समैन स्कीम 2021 की समीक्षा करेगा। शिकायत दूर करने के फ्रेमवर्क पर वह एक मास्टर डायरेक्शन जारी करेगा। इसके अलावा शिकायत मैनेजमेंट सिस्टम में सुधार किया जाएगा ताकि लोग आसानी से शिकायत दर्ज करा सकें।

उपभोक्ता सुरक्षा मूल्यांकन के लिए मैट्रिक्स- बैंकिंग रेगुलेटर एक उपभोक्ता सुरक्षा मूल्यांकन मैट्रिक्स भी तैयार कर रहा है। इससे यह मूल्यांकन किया जा सकेगा कि बैंक और दूसरे वित्तीय संस्थान ग्राहक हितों की कितनी रक्षा करते हैं। अभी इसके लिए चुनिंदा बैंकों के साथ पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है।

## IPO आने से पहले ही खरीद सकते हैं किसी कंपनी के शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। किसी भी कंपनी का शेयर खरीदने के लिए उसके आईपीओ का इंतजार किया जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आईपीओ आने से पहले ही अनलिस्टेड शेयरों को भी खरीदा जा सकता है। भारत में अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश करना अब निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बन गया है। अगर आप भी अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश करना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको कुछ खास बातों पर ध्यान देना होगा।

आशियाना फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ अनिरुद्ध गुप्ता ने अनलिस्टेड शेयरों में निवेश करने से पहले किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, इस बारे में विस्तार से बताया है।

ग्रोथ पोटेंशियल- अनलिस्टेड कंपनियों में निवेश करने से पहले कंपनी का ग्रोथ पोटेंशियल देखें और इसका आकलन करने के लिए उस कंपनी का अतीत देखें। इससे आप कंपनी की ग्रोथ हिस्ट्री का अंदाजा लगा सकते हैं और जिसका भविष्य अच्छा दिखे, वहां निवेश कर सकते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# नौतपा के बाद पड़ेगी भीषण गर्मी, सोमवार को गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

भोपाल। दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल थम गई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून को गति देने वाली फिलहाल कोई सक्रिय प्रणाली नहीं है, जिस कारण जून के पहले सप्ताह में तापमान बढ़ने और गर्मी तेज होने की संभावना है।

हालांकि हवाओं में आ रही नमी के कारण दोपहर के बाद कहीं-कहीं गरज-चमक और हल्की बूंदाबांदी की स्थिति बनी रह सकती है।फिलहाल नहीं कोई सक्रिय प्रणाली मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी और बालुरघाट तक पहुंची है। मानसून को बढ़ावा देने वाला कोई नया सिस्टम सक्रिय नहीं है।



हालांकि उत्तरी पाकिस्तान, जम्मू, पंजाब, हरियाणा और मध्य पाकिस्तान में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है, जिससे कुछ क्षेत्रों में नमी आ रही है और स्थानीय स्तर पर बारिश की स्थिति बन रही है।बढ़ सकता है तापमान

हालांकि अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को सबसे अधिक 41 डिग्री तापमान शिवपुरी में दर्ज किया गया, जबकि सतना में सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मलाजखंड में 7.6 मिमी, उमरिया में 4.8 मिमी और रीवा में 0.4 मिमी बारिश हुई।

**कमजोर हुआ बंगाल की खाड़ी का सिस्टम**-मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला के अनुसार मानसून तय समय से एक सप्ताह पहले ही केरल पहुंच गया था और अरब सागर में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण यह तेजी से आगे बढ़ा। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से भी मानसून के तेज़ होने की उम्मीद थी, लेकिन वह प्रणाली उत्तर-पूर्व की ओर जाकर कमजोर पड़ गई। इसी कारण फिलहाल मानसून थम गया है।

**दूसरे सप्ताह में गति पकड़ने की उम्मीद**-मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जून के दूसरे सप्ताह में एक बार फिर मानसून के सक्रिय होकर आगे बढ़ने की उम्मीद है। तब तक पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के जरिए कुछ नमी मिलती रहेगी, जिससे आंशिक राहत देने वाली हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी।

# नवंबर तक शुरू हो सकता है भोपाल शहर में मेट्रो रेल का सफर



भोपाल । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में नवंबर तक मेट्रो का सफर शुरू हो सकता है। भोपाल मेट्रो का 6.22 किलोमीटर लंबा प्रायोरिटी कारिडोर है, जिसको पूरा करने का काम तेजी से किया जा रहा है। ऐसे में अगले कुछ महीनों में कामर्शियल रन शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। इससे पहले भोपाल मेट्रो के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड आर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम बुलाई गई है।

मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने सभी दस्तावेज भी जमा कर दिए हैं। इसके बाद आयुक्त मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) टीम निरीक्षण करेगी। टीम की ÷ओके÷ रिपोर्ट मिलने के बाद लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में करीब चार से पांच महीने का समय लग सकता है। इसी बीच मेट्रो के बाकि बचे तीन स्टेशन एम्स, डीआरएम तिराहा और अलकापुरी का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। पीएम ने इंदौर को दी मेट्रो रेल की सौगात

बता दें कि मध्यप्रदेश की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन के दौरान इंदौर मेट्रो का वर्चुअली लोकार्पण कर शहरवासियों को मेट्रो की सौगात दी है। जानकारी के अनुसार भोपाल में मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था।

सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशन तक काम पूरा हो गया है। इसके आगे अलकापुरी, एम्स और डीआरएम मेट्रो स्टेशन तक ट्रैक का काम हो चुका है और मेट्रो यहां तक पहुंच चुकी है। वहीं, दोनों स्टील ब्रिज की लोड टेस्टिंग भी की जा चुकी है। इससे पहले तीन अक्टूबर 2023 को भोपाल में पहली बार मेट्रो ट्रैक पर दौड़ी थी।

# कश्मीर में पोस्टेड सीआरपीएफ जवान की मौत पर बीमा कंपनी को देने होंगे 30 लाख रुपये




ग्वालियर । ड्यूटी के दौरान मृत्यु हो जाने पर सीआरपीएफ जवान की पत्नी को बीमा क्लेम पाने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग का दरवाजा खटखटाना पड़ा। भिंड रोड निवासी नीलम भदौरिया ने अपने पति जितेंद्र सिंह भदौरिया के ड्यूटी पर बलिदान हो जाने के बाद बीमा कंपनी से क्लेम मांगा।

जब कंपनी ने क्लेम को खारिज कर दिया और कहा कि व्यक्ति की मृत्यु बीमारी से हुई है, तो इसके बाद महिला को आयोग की शरण लेनी पड़ी। जहां सभी तर्कों और तथ्यों को सुनने और उनका आंकलन करने के बाद आयोग ने शिकायतकर्ता महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि 30 लाख का भुगतान छह प्रतिशत ब्याज के साथ करना होगा। शारीरिक रूप से स्वस्थ थे।

फैसला सुनाते हुए आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सीआरपीएफ के मृतक जवान जितेंद्र सिंह भदौरिया को श्रीनगर में संवेदनशील स्थल पर पदोन्नति उपरांत पदस्थ किया गया था। जिससे स्पष्ट है कि वे मोर्चे पर कर्तव्य निभाने हेतु शारीरिक रूप से स्वस्थ थे।

क्योंकि यह स्वाभाविक उपधारणा है कि जब देश की सीमा पर रक्षा के लिए या आतंकवाद से निपटने के लिए सैन्य बल के जवानों को तैनात किया जाता है, तब पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाता है कि वे किसी बीमारी से पीड़ित न हों और शारीरिक रूप से स्वस्थ व सक्षम हों।

इसके बाद ही उनकी तैनाती की जाती है। इस स्थिति में बीमा कंपनी द्वारा केवल तकनीकि रूप से पूर्व की बीमारी का आधार लेकर बीमा दावे को निरस्त करना पूर्ण रूप से सेवा में त्रुटि किया जाना दर्शाता है।

यह थी शिकायतशिकायत के अनुसार पति जितेंद्र सिंह भदौरिया 79, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, श्रीनगर में 10 जनवरी 2020 तक पदस्थ थे।

# किराएदारी अधिनियम लागू करेगी सरकार, किराएदार मकान पर नहीं कर पाएगा कब्जा

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार अब राज्य में नया किराएदारी अधिनियम लागू करने जा रही है। इसके माध्यम से मकान मालिक और किराएदार दोनों के अधिकारों को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इसके लिए अधिनियम का प्रारूप तैयार कर लिया है, जिसे आगामी विधानसभा के मानसून सत्र में प्रस्तुत किया जा सकता है। यह अधिनियम शहरी क्षेत्रों के साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों की व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियों पर भी लागू होगा। किराएदार को अवधि पूरी होने पर मकान खाली करना अनिवार्य

नए विधेयक के अनुसार, किराएदार को अनुबंध में निर्धारित अवधि के बाद मकान खाली करना अनिवार्य होगा। यदि वह ऐसा नहीं करता, तो मकान मालिक किराया प्राधिकारी से शिकायत कर सकता है, जिसके बाद बेदखली की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हालांकि, किसी आपदा की स्थिति में किराएदार को खाली करने की बाध्यता नहीं होगी, परंतु उसे





अनुबंध के अनुसार किराया देना होगा।

अनुबंध के बिना उप-किराएदार नहीं रख सकेगा कई बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि किराएदार, मकान मालिक को बिना बताए किसी और को मकान किराए पर दे देता है। प्रस्तावित अधिनियम में ऐसा करने के लिए मकान मालिक की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुबंध समाप्त होने पर भी यदि किराएदार मकान खाली नहीं करता, तो उसे पहले दो माह तक दोगुना और उसके बाद चार गुना किराया देना होगा।

मकान मालिक के लिए भी बनाए गए हैं नियम नए कानून के तहत मकान मालिक भी किराएदार को बेवजह तंग नहीं कर सकेगा। यदि मकान की मरम्मत या निरीक्षण के लिए प्रवेश करना है, तो उसे 24 घंटे पहले सूचना देनी होगी। साथ ही वह जल, विद्युत, पाइप गैस, लिफ्ट, सीढ़ी की रोशनी, पार्किंग, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं को बाधित नहीं करेगा। बिना अनुमति के किराएदार के परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

किराएदार की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारी को अधिकार

यदि किराएदार की मृत्यु हो जाती है, तो उसके उत्तराधिकारी को किराए पर रहने का अधिकार होगा, लेकिन उन्हें भी अनुबंध के सभी नियमों का पालन करना होगा।

विधेयक के अनुसार, राज्य के हर जिले में किराया अधिकरण स्थापित किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी को किराया प्राधिकारी बनाया जाएगा, जबकि किराया न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर की कोर्ट होगी। किसी भी शिकायत का 60 दिनों के भीतर निपटारा करना अनिवार्य होगा। आदेश का पालन न करने पर स्थानीय निकाय या पुलिस की सहायता से कब्जा दिलाया जा सकेगा और कुर्की जैसी कार्रवाई भी संभव होगी।कुछ परिसरों पर अधिनियम लागू नहीं होगा

यह अधिनियम शासकीय परिसर, धार्मिक संस्थान, ट्रस्ट या वक्फ बोर्ड के अधीन परिसरों पर लागू नहीं होगा। वहीं, किराएदारी की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल भी विकसित किया जाएगा, जहां अनुबंध की जानकारी अपलोड की जाएगी। मकान मालिक और किराएदार दोनों को दो माह के भीतर यह जानकारी प्राधिकारी को देनी होगी।



# इंदौर मेट्रो रेल का ऐतिहासिक शुभारंभ

## देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

इंदौर। इंदौर ने आज आधुनिकता की नई पटरी पर कदम रखा। मध्यप्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक राजधानी अब मेट्रो ट्रेन प्रणाली से जुड़ चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से वर्चुअल माध्यम से इंदौर मेट्रो परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी विशेष रूप से मौजूद थे। लोक माता देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर इंदौर में शुरू हुए मेट्रो रेल परियोजना के शुभारंभ के इस ऐतिहासिक अवसर पर इंदौर में उत्सव जैसा माहौल रहा, जिसमें नागरिकों विशेष कर महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह समारोह महिलाओं पर विशेष रूप से केंद्रित था।



इंदौर में आयोजित समारोह में केंद्रीय शहरी विकास एवं आवास मंत्री श्री तोखन साहू, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्री जयदीप विशेष रूप से मौजूद थे।

विशेष बात यह रही कि यह परियोजना देवी लोक माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर शुरू की गई और पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित रही। इससे न केवल शहर के विकास को एक नई दिशा मिली है, बल्कि यह पहल महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण है।

आधुनिक नगरों की सूची में शामिल इंदौर- मेट्रो परियोजना के शुभारंभ ने इंदौर को देश के उन आधुनिक नगरों की सूची में शामिल कर दिया है, जहां भविष्य की परिवहन प्रणाली अब हकीकत बन चुकी है। यह परियोजना न केवल यातायात की भीड़ को कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगी।

इंदौर का सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का इतिहास तांगे, टेम्पो, वेन और मिनी बसों से शुरू होकर अब अत्याधुनिक मेट्रो तक पहुंचा है। यह केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि शहर की समग्र प्रगति का प्रतीक है।

इस परियोजना को महिलाओं को समर्पित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक स्टेशन पर महिला सुरक्षा बल (महिला गार्ड्स) की तैनाती रहेगी। मेट्रो डिब्बों में आरक्षित कोच रहेगा और सीसीटीवी से निगरानी रहेगी। टिकट वितरण और स्टेशन प्रबंधन में महिला कर्मचारियों की विशेष भागीदारी होगी। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं के लिए विशेष सीट आरक्षण और सहायता सुविधा उपलब्ध रहेगी।

ज्योति शर्मा (छात्रा) का कहना है कि अब हमें कॉलेज आने-जाने में बहुत सहूलियत होगी, ट्रैफिक और ऑटो वालों की मनमानी से मुक्ति मिलेगी।निजी कंपनी में काम करने वाले सुनील चौहान ने बताया कि मेट्रो से समय की बचत होगी और ऑफिस पहुंचना अब ज्यादा भरोसेमंद रहेगा। इंदौर का भविष्य बहुत उज्ज्वल लग रहा है। आम गृहिणी उमा बाई ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर जैसी महान महिला की जयंती पर यह मेट्रो शुरू हुई, यह हम महिलाओं के लिए गर्व की बात है। कॉलेज छात्रा यामिनी गौड़ ने कहा कि मैने कभी नहीं सोचा था कि इंदौर में मेट्रो चलेगी।

## सीनियर अफसरों पर कमेंट करना पड़ा भारी, दो पटवारी तुरंत सस्पेंड



इंदौर। इंदौर में सोशल मीडिया पर वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करना दो पटवारियों को भारी पड़ गया। यह मामला कलेक्टर आशीष सिंह के संज्ञान में आते ही उन्होंने तत्काल प्रभाव से दोनों पटवारियों को निलंबित कर दिया। अधिकारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले इस कृत्य पर प्रशासन ने कठोर रवैया अपनाते हुए सेवा आचरण नियमों का हवाला देते हुए कार्रवाई की।

पहला मामला तहसील राऊ के पटवारी चेतन उपाध्याय से जुड़ा है। उन्होंने शुक्रवार को एक वॉट्सऐप मीडिया ग्रुप में एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियमों का उल्लंघन मानते हुए कलेक्टर ने चेतन उपाध्याय को निलंबित कर दिया है। निलंबन के बाद उनका मुख्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय इंदौर निर्धारित किया गया है।

दूसरा मामला तहसील सांवेर के पटवारी धर्मेंद्र गुप्ता का है। उन्होंने भी उसी दिन उसी वॉट्सऐप ग्रुप में वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ अनुचित टिप्पणी की। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने धर्मेंद्र गुप्ता को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन्हें भी मुख्यालय से अटैच किया गया है ताकि आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर द्वारा की गई यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 और मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत की गई है।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन



इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही देवी अहिल्या बाई पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी यहां प्रदर्शित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा-हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर आकर नव उद्घाटित मेट्रो रेल परियोजना संचालन का लिया

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम को इंदौर आये। इंदौर एयरपोर्ट से सीधे नव उद्घाटित मेट्रो रेल परियोजना के गांधीनगर क्षेत्र में स्थित देवी अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां से उन्होंने मेट्रो रेल में बैठकर सफर किया। वे सैकड़ों महिला यात्रियों के साथ सफर में अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन से झलकारी बाई मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे। उसके पश्चात वहां से वापस अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन आए। इस दौरान वे इंजन में पहुंचे तथा उन्होंने मेट्रो रेल संचालन की व्यवस्थाओं को देखा। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर मेट्रो रेल संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अपने सफ़र के दौरान महिला यात्रियों से भी चर्चा की और उनके अनुभव जाने। स्टेशन पहुंचते ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ तथा सुश्री उषा ठाकुर, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण कुमार चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह तथा कलेक्टर श्री आशीष सिंह भी उनके साथ थे।

## देवी अहिल्या की पावन नगरी महेश्वर तथा मंडलेश्वर के सम्पूर्ण मंदिर क्षेत्र को तम्बाकू मुक्त बनाया जाये

### मंदिर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये

इंदौर। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की पावन नगरी महेश्वर और मण्डलेश्वर, दोनों ही अपने ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। पूरे देश में देवी अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती मनायी जा रही है। इस उपलक्ष्य में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर आज 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर खरगोन जिले के धार्मिक स्थल महेश्वर तथा मंडलेश्वर के सम्पूर्ण मंदिर क्षेत्र को तम्बाकू मुक्त बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगोन को निर्देशित किया है कि महेश्वर, मंडलेश्वर के सम्पूर्ण मंदिर क्षेत्र यथा मंदिर, किला परिसर, घाट, पार्किंग, प्रसाद काउंटर, टिकिट काउंटर, अन्न क्षेत्र इत्यादि में किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ (सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, हुक्का, इलेक्ट्रानिक सिगरेट व जर्दा इत्यादि) का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाये। इन स्थलों पर यदि कोई भी श्रद्धालु एवं समस्त कर्मचारी इत्यादि उक्त नियम का उल्लंघन करते हैं तो उल्लंघन कर्ताओं पर नियमानुसार कार्रवाई की जाये। साथ ही महेश्वर, मंडलेश्वर के संपूर्ण मंदिर क्षेत्र में सुनिश्चित करें कि किसी भी रूप में कोई तम्बाकू उत्पादों का सेवन ना करें। तम्बाकू नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारी नामित करें। उल्लंघन की दशा में दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

## हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025 के आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

इंदौर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

## फ्लैट पर बजरंगियों ने मारा छापा, हिन्दू युवती के साथ मिला मुबंई का युवक, लव जिहाद का आरोप



इंदौर। इंदौर के रामबाग क्षेत्र के एक फ्लैट में शनिवार रात बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। यहां एक अविवाहित हिन्दू युवती के फ्लैट में मुबंई से आया मुस्लिम युवक रह रहा था। जब बजरंगी फ्लैट पहुंचे तो वह आपत्तिजनक अवस्था में मिला। इसके बाद उसकी धुनाई कर दी गई और पुलिस के हवाले कर दिया। बजरंग दल ने लिखित शिकायत में लव जिहाद का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि युवक रामबाग के संघ कार्यालय के समीप की मल्टी में रुका हुआ था। उस पर जासूसी करने का शक भी जताया गया है। पुलिस अब इस मामले में जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंबई में रहने वाला नौशाल अली खान कव्वाली के प्रोग्राम का आयोजक है। वह अक्सर इंदौर आकर गुजराती दर्जी समाज की एक युवती के फ्लैट में रहता था। समाज के लोगों ने उसे कई बार समझाया, लेकिन वह नहीं माना। वह अक्सर इंदौर आकर युवती के फ्लैट में रुकता था। जब समाजजनों को पता चला कि वह इंदौर आया है तो शनिवार को बजरंग दल के पदाधिकारी तन्नू शर्मा व समाज के लोग फ्लैट पर पहुंचे। पहले तो उन्होंने नौशाद की धुनाई की। फिर उसे थाने ले गए। समाजजनों ने कहा कि नौशाद लव जिहाद कर हिन्दू लड़कियों को फंसाता है। इसके बाद उनका शारीरिक शोषण करता है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर इंदौर में निकाली गई जनजागरूकता रैली

### नागरिकों को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों से कराया गया अवगत

इंदौर। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज 31 मई को इंदौर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या और सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. सोढ़ी के मार्गदर्शन में दंत चिकित्सा विभाग द्वारा तम्बाकू सेवन न करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। इसकी थीम अपील को उजागर करना: तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना÷ थी। रैली के माध्यम से नागरिकों को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही नागरिकों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नागरिकों को तंबाकू छोड़ने तथा तंबाकू और इसके उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। तंबाकू सेवन को रोकने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर दंत चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. पारस कुमार रावत, डेंटल सर्जन डॉ. यशोदीप चौहान, डॉ. तृप्ति सिंह भाटी एवं डॉ. नीति पंडित द्वारा तंबाकू परामर्शदाता श्रीमती अर्चना भुजाडे के साथ मिलकर नागरिकों को तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए विभिन्न गतिविधियां करायी गई।






वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारीगण एवं आशा कार्यकर्ताओं को मिल रहा है एफ.टी.के माध्यम से जल गुणवत्ता प्रशिक्षण




उज्जैन । जल जीवन मिशन के अंतर्गत उज्जैन जिले के 04 नल जल योजनाओं को पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान भोपाल और यूनिसेफ मध्यप्रदेश के सहयोग से जिले की 04 नल जल योजनाओं को समुदाय संचालित आदर्श नल जल योजना बनाया जा रहा है जिसके अंन्तर्गत समुदाय को सशक्त बनाना, संस्थागत क्षमता बढाना तथा स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढावा देना।

इसी कडी में उज्जैन ब्लॉक के लक्षित ग्राम गंगेडी के उप स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ आशा कार्यकता आगनवाडी कार्यकताओं और ग्रामीण महिलाओं के लिये एफ. टी. के. के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप स्वास्थ्य केंन्द्र पर किया गया। प्रशिक्षण में परियोजना जिला फेसिलिटेटर गोपाल गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारीगण एवं आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगमी योजना पर विस्तार से चर्चा की गई तथा दूषित जल से होने वाली बीमारियों पानी जॉच की विधियों तथा माध्यमों तथा एफ.टी.के. माध्यम की जाने वाली जांचो का विवरण को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

एफ.टी.के. से डेमो देकर पानी की विभिन्न जॉचो और उनके मानको तथाा पैरामीटर को जॉच करते हुये बताया गया साथ ही प्रशिक्षणार्थीयो दारा भी जांच की गई। साथ ही जल के नमूने को लेने के तरीकों और सावधानियों और प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई। सीएचओं श्रीमती शैलु नरबरिया ने दूषित पानी से होने वाली बिमारीयों के बारे में तथा नियमित जल परीक्षण के लिए सभी को समझाइष दी गई। ग्राम फेसिलिटेटर श्री राकेश चौहान कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के दौरान के वेतन के लिए मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

## आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने किया मुख्यमंत्री का सम्मान



उज्जैन। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के दौरान का वेतन नहीं मिलने के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने पर न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय संगठन मंत्री ओम प्रकाश यादव, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, जिला अध्यक्ष एसपी अहिरवार, जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष नवीन पांडे, जिला संरक्षक के एस परमार आदि ने प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी का आभार व्यक्त किया। साथ ही शिक्षा विभाग में कार्यरत 3300 आउटसोर्स संविदा सहायक ग्रेड.3/कंप्यूटर ऑपरेटर को कुशल से उच्च कुशल में प्रमोट होने और न्यूनतम वेतन रिवाइज होने पर आउटसोर्स कर्मचारी संघ के उज्जैन संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भगवान श्री राम और सीता की तस्वीर भेंट कर बाबा महाकाल का दुपट्टा उड़ा कर पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही संकल्प पत्र के पेज नंबर 81 पर दी गई मोदीजी की गारंटी के संबंध में भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया गया जिसमें आउटसोर्स कर्मचारी को संविदा का दर्जा देने और केंद्र के समान न्यूनतम वेतन का लाभ देने का वादा किया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सहसंयोजक मांगीलाल पाटीदार, राजीव सिंह सेंगर, सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब गोल्ड मल्टीपल में 6 अवॉर्ड से सम्मानित



उज्जैन। लायंस क्लब इंटरनेशनल के मल्टीपल 3233 की जोधपुर में आयोजित मल्टीपल कन्वेंशन जुनून में लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड को विभिन्न श्रेणियों में 6 अवार्ड से सम्मानित किया गया।

क्लब के पूर्व अध्यक्ष लायन राहुल पंड्या ने बताया कि समारोह में क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. प्रिंस कुशवाह को थैलेसीमिया जागरूकता, क्लब के चार्टर अध्यक्ष एम.जे.एफ.लायन संजय सक्सेना को लायंस इमेज बिल्डिंग, मेंबरशिप ग्रोथ एवं पीन कलेक्शन वीडियो पर, रीजन चेयरपर्सन लायन रवि बंसल को ग्रामीण कल्याण में एवं विशेष मल्टीपल अवार्ड तथा क्लब के पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन शैलेश सोनी को मल्टीपल पार्टिसिपेशन श्रेणी में सम्मानित किया गया।

# वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी उमेश चौहान हुए सेवानिवृत्त

उज्जैन। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी उमेश चौहान का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त संचालक डॉ. एस.व्ही. भाले, मुख्य अतिथि उपसंचालक डॉ. के.एल. सीरवानी, विशेष अतिथि डॉ. एम.एल. परमार उपस्थिति रहे।

उमेश चौहान ने गौसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में एक प्रेरणादायी भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में गौशालाओं के समुचित संचालन एवं गोवंश के संरक्षण हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की गईं। विशेष रूप से गोवंश संवर्धन को उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर रखा। उन्होंने गौशालाओं में रहने वाले निराश्रित एवं दुर्बल पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं संरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन म.प्र.सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष के.सी. चौहान ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजकुमार जोशी प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह परिहार, डॉ. इंद्रा टाटावत, डॉ. सतीश शर्मा, योगेश शास्त्री, मोतीलाल निर्मल, के.आर. डावरे, एस.के. पाठक, रूपेंद्र नाथ शर्मा, नवीन मरमट, रविंद्र राठौर, रवि राठौर उपस्थिति हुए। अंत में आभार यशवंत बड़गोतिया ने माना। जानकारी पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी संघ जिला सचिव दिलीप मेहता ने दी।

# जाति के कालम में अपनी जाति के साथ ही (पिछड़ा वर्ग या सामान्य वर्ग) भी लिखें- मकसूद अली

उज्जैन। मकसूद अली एडवोकेट ने बताया कि जातिगत जनगणना के लिए जातियों के कोड निर्धारित किये गये हैं, इससे यह साफ़तौर पर पता चलता है कि जनगणना फॉर्म में मुसलमानों को धर्म/रिलीजन के कालम में इस्लाम लिखना है और जाति /कास्ट के कालम में आपकी जो जाति जैसे छिपा, पिंजारा, जुलाहा, वगैरह है वही लिखना है जिनके कोड भी निर्धारित किये गए हैं। मकसूद अली एडवोकेट ने कहा कि इस्लाम धर्म के मानने वालों को मुसलमान कहा जाता है लेकिन मुसलमानों में सामान्य वर्ग और पिछड़ा वर्ग भी है। पिछड़े वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया जाता है। अगर वह मुसलमान जो पिछड़ा वर्ग में आते हैं और उन्होंने अपनी जाति नहीं लिखी तो उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। लिहाज़ा जाति के कालम में अपनी जाति के साथ ही (पिछड़ा वर्ग या सामान्य वर्ग) भी लिखें।

# मां शिप्रा तैराक दल के ग्रीष्मकालीन शिविर में तैराकी प्रतियोगिता में अतिथि ने कहा ये बच्चे भविष्य के जलवीर हैं



उज्जैन। पवित्र रामघाट पर स्थित शिप्रा नदी रविवार को उस समय तालियों की गूंज से गूंज उठा, जब मां शिप्रा तैराक दल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर में बच्चों की प्रतिभा और परिश्रम ने पानी में रंग बिखेरे। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रत्येक रविवार को आयोजित की जाने वाली इस तैराकी प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह शिविर आगामी 15 जून तक चलेगा, जिसमें हर रविवार प्रतिभागियों का टेस्ट लेकर मेडल विजेताओं को सम्मानित किया जाता है।

कोच सपना माली ने बताया डिब्बे वाली प्रतियोगिता में लक्ष्यराज सिंह कुशवाहा गोल्ड मेडल, अवनी यादव सिल्वर मेडल, चित्रांश राठौर ब्रॉन्ज मेडल, जूनियर ग्रुप में रिद्धिश्री सावंत गोल्ड मेडल, नेहा प्रजापति सिल्वर मेडल,मोक्षा हाड़ा ब्रॉन्ज मेडल,सीनियर ग्रुप में भोला कहार गोल्ड मेडल,देवांश विंग सिल्वर मेडल, पर्व साहू ब्रॉन्ज मेडल, कुणाल सेन गोल्ड मेडल, वरुण शुक्ला सिल्वर मेडल, निर्विघ्न सावंत को ब्रॉन्ज मेडल वितरित किए गये। विजेताओं को सम्मानित करने हेतु मुख्य अतिथि सत्यजीत फाउंडेशन के सचिव श्री गोपाल राठौर, मनीष यादव, हितेश शिंदे, नीतू साहू, मन्नू कहार, संस्था सचिव एवं कोच संतोष सोलंकी और महिला प्रशिक्षक सपना माली थी।

मुख्य अतिथि गोपाल राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा बच्चों की यह मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण देखकर गर्व होता है। यह केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उज्जैन के भविष्य के जलवीरों की नींव है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मां शिप्रा तैराक दल का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर संस्था के गोताखोरों सहित कई सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी महिला प्रशिक्षक सपना माली ने दी। यह आयोजन न सिर्फ बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान देने वाला रहा, बल्कि उज्जैन में जल-खेलों को सशक्त मंच देने

# सिंहस्थ पूर्व एक लाख पौधो का रोपण कर संगोपन, संवर्धन का हुआ श्री गणेश

## आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी के करकमलों से पौधरोपण कर 1100 पौधे रोपण उत्सव का शुभारम्भ



उज्जैन। वृक्षमित्र सेवा समिती उज्जैन के सतत प्राणवायु अभियान के तहत 1 जून को विक्रम विश्वविद्यालय परिसर देवास रोड़ पर पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रुप से तपोभूमि के प्रणेता एवं संस्थापक संत श्री आचार्य प्रज्ञासागर जी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कुलगुरू डॉ. अर्पण भारद्वाज ने उज्जैन पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत मेरा जीवन मेरा जल की अभिनव संकल्पना को बताते हुए सभी से आह्वान किया की कम से कम एक वर्ग मीटर का गड्ढा करवाये ताकि उसमे वर्षा जल का संग्रहण हो। इस हेतु विक्रम विश्वविद्यालय में बहुत स्थान है.

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए समिति अध्यक्ष अजय भातखंडे ने बताया की संस्था ने संकल्प किया है की सिंहस्थ के पूर्व सघन वन पद्धति से एक लाख पौधो का रोपण कर उसका संगोपन और संवर्धन करने किया जाएगा जिसका श्री गणेश आज 1100 पौधे लगाने से प्रारम्भ हुआ। आपने सभी से आह्वान किया है खुशी हो या गम पौधे लगाए हरदम सहयोग करेंगे हम। शुभारंभ अवसर पर विशेष रुप से आशीर्वाद देने पधारें आचार्य श्री प्रज्ञासागर जी ने अपने सन्देश में कहा की आज पर्यावरण बचाना सर्वाधिक प्राथमिकता है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com